# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–26 मई 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के छठे चरण में कल चौवन फीसदी मतदाताओं ने डाले वोट, छिटपुट घटनाओं को छोड़ शांतिपूर्ण रहा मतदान ।
- लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के प्रचार में राजनीतिक दलों ने झोंकी ताकत, सभी राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारकों ने की जनसभाएं ।
- चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव के पहले हुए पांच चरणों के मतदान के आंकड़े जारी किये, कहा–पहले भी यह आंकड़ा हर प्रत्याशी के पास उपलब्ध रहा है ।
- मथुरा जिले में तीन हजार किलो वजन के घंटे से होगी भगवान रमण बिहारी जी की आरती ।

**********

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में राज्य की  चौदह संसदीय सीटों और बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा सीट पर चुनाव कल छिटपुट घटनाओं को छोड़ कर शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया । प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि राज्य की चौदह लोकसभा सीटों पर औसत चौवन प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा इकसठ दशमलव पांच चार प्रतिशत मतदान अम्बेडकरनगर संसदीय क्षेत्र में हुआ, जबकि फूलपुर सीट पर सबसे कम अड़तालीस दशमलव नौ चार प्रतिशत मतदान हुआ । बलरामपुर जिले की गैंसड़ी विधानसभा सीट के उपचुनाव में इक्यावन दशमलव एक शून्य प्रतिशत मतदान हुआ। कल सम्पन्न हुए चुनाव पर हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

***कुछ स्थानों पर ईवीएम में गड़बड़ी के कारण मतदान थोड़ी देर से शुरू हुआ। पहली बार मतदान करने वाले मतदाता वोट डालने के लिए काफी उत्साहित दिखे। संत कबीर नगर में कुछ जगहों पर ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया तो दूसरी ओर प्रयागराज में दो राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प में पुलिस को दखल देना पड़ा। कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर पूर्वांचल और तराई क्षेत्र की इन सभी 14 सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण रहा। पिछले चुनाव में बीजेपी ने इन चौदह में से नौ सीटें जीती थीं. बहुजन समाज पार्टी को चार सीटें मिली थी वहीं समाजवादी पार्टी ने आजमगढ़ सीट को जीता था लेकिन बाद में उपचुनाव में यह सीट भाजपा के पास चली गई। । इन चौदह सीटों पर आज बीजेपी नेता मेनका गांधी जगदंबिका पाल हरीश द्विवेदी समाजवादी पार्टी नेता धर्मेंद्र यादव कांग्रेस नेता उज्जवल रमण सिंह और बहुजन समाज पार्टी के नेता श्याम सिंह यादव समेत कई दिग्गजों की किस्मत का फैसला ईवीएम में बंद हो गया। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज***

लोकसभा की जिन चौदह सीटों के लिए कल मतदान हुआ उनमें सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, भदोही और मछलीशहर शामिल हैं। फर्रूखाबाद लोकसभा सीट के अलीगंज विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय खिरिया पमारान मतदेय स्थल पर कल ही पुनर्मतदान भी सम्पन्न हो गया।

**********

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए सभी राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान में अपनी ताकत झोंक दी है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल गाजीपुर संसदीय क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी पारसनाथ राय के पक्ष में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि  काम को टालना और लोगों के अधिकार छीनना कांग्रेस की संस्कृति रही है। कांग्रेस ने देश के सैनिकों को वन रैंक वन पेंशन की सुविधा नहीं दी और यह काम राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कार्यकाल में ही संपन्न हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी के शासन–काल में, उत्तरप्रदेश में सबसे अधिक अपराध हुए, लेकिन योगी सरकार में दंगाईयों और समाज–विरोधी तत्वों के खिलाफ कडी कार्रवाई हो रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल वाराणसी, सलेमपुर, बलिया और चंदौली में वहां के प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं कीं। उन्होंने दावा किया कि लोगों के समर्थन से भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार केन्द्र में सरकार बनायेगी।

श्री योगी ने केन्द्र और राज्य सरकार की विकासोन्मुखी और जनकल्याणकारी नीतियों और उपलब्धियों का जिक्र करते हुए भाजपा को पुनः वोट देने आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि विपक्षी दल मजहब के आधार पर देश के बंटवारे की साजिश कर रही है, जिसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जायेगा।

उधर, कांग्रेस पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कल गोरखपुर में इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में सभाएं कीं। प्रियंका गांधी ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के शासनकाल में महंगाई और बेरोजगारी बढी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार किसानों की हितैषी होने का दावा करती है, लेकिन किसानों के कर्ज माफी पर बात तक नहीं करती। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने दावा किया कि पूर्वांचल की अधिकतर सीटों के चुनावी माहौल से

इस बात का संकेत मिल रहा है कि इस बार जीत इंडी गठबंधन की ही होगी। उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों में भाजपा सरकार के सभी वादे खोखले साबित हुए है।

बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने गोरखपुर में बसपा प्रत्याशी के पक्ष में एक रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि गलत नीतियों की वजह से कांग्रेस की यह दशा हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और भाजपा का घोषणा पत्र सिर्फ एक औपचारिकता है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पिछले दस वर्षों के दौरान गरीबों और आम लोगों के कल्याण के लिये जो वादे किये थे वह उन्हें पूरा करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।

इस बीच, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी और सपा सांसद डिम्पल यादव ने वाराणसी में कल रोड शो भी किया और गठबंधन प्रत्याशी अजय राय के लिए वोट मांगे। वहीं भाजपा नेता और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कुशीनगर जिले में देवरिया से भाजपा प्रत्याषी शशांक मणि त्रिपाठी के समर्थन में जनसभा की। अपना दल प्रमुख अनुप्रिया पटेल ने राबर्ट्सगंज संसदीय क्षेत्र में भाजपा समर्थित अपना दल की प्रत्याशी रिंकी कोल के पक्ष में नुक्कड़ सभा को सम्बोधित किया। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी स्वामी प्रसाद मौर्य के समर्थन में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर ने भी कुशीनगर में कई स्थानों पर जनसभाएं कीं।

**********

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के पहले पांच चरणों में हुए मतदान का आंकडा जारी करते हुए कहा कि यह आंकडा हर प्रत्याशी के पास पहले भी उपलब्ध रहा है। आयोग ने कहा कि पांचवें चरण तक पचास करोड बहत्तर लाख से अधिक लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया है। यह आंकडा सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका को ठुकराये जाने के बाद जारी किया गया है। इस याचिका में निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि आयोग प्रत्येक मतदान केन्द्र पर पड़े वोटों की प्रमाणिक जानकारी वेबसाइट पर अपलोड करे।

**********

मथुरा जिले के रमणरेती आश्रम में लोग अब तीन हजार किलो वजन के घंटे की आवाज सुन सकेंगे। इस घंटे का निर्माण काशी में किया गया है। आश्रम पहुंचने पर साधु संतों ने कल इस घंटे का पूजन अर्चन किया। मशीनों की मदद से यह घंटा प्रतिदिन भगवान रमण बिहारी जी की आरती के समय बजाया जाएगा। इसकी आवाज गोकुल और महावन मंदिरों तक सुनाई देगी।

**********

प्रदेश में बीते चौबीस घंटे में हुए अलग अलग हादसों में इक्कीस लोगों की मौत हो गयी, जबकि तिरपन लोग घायल हो गये। शाहजहांपुर जिले के खुटार क्षेत्र में बीती रात ढाबे पर खड़ी श्रद्धालुओं की एक बस पर तेज रफ्तार डंफर पलटने से ग्यारह श्रद्धालुओं की मौत हो गयी, जबकि तीन दर्जन श्रद्धालु घायल हो गये। यह सभी लोग पूर्णागिरी दर्शन के लिए जा रहे थे। अयोध्या जिले के बीकापुर इलाके के शेरपुर पारा के करीब टैम्पों और ट्रैवलर बस की टक्कर में कल तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और चौदह श्रद्धालु घायल हो गये। घायलों को जिला अस्पताल और दर्शननगर स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। यह सभी श्रद्धालु कर्नाटक के रहने वाले हैं, जो काशी में दर्शन पूजन के बाद श्रीरामलला के दर्षन के लिये अयोध्या आ रहे थे। उधर, शाहजहांपुर जिले के परसनिया गांव में गर्रा नदी में तीन बच्चों की डूब कर मौत हो गई। कुशीनगर जिले में हुई में बोरिंग करते समय बिजली के तार में पाइप लग जाने से दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया । वहीं, मैनपुरी जिले के किशनी थाना क्षेत्र में शनिवार को किशनी–कुसमरा मार्ग पर पॉलिटेक्निक स्कूल के सामने दो बाइकों की आमने–सामने की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गयी।

**********